ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE
A FRANSALIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AUTONOMOUS
NAAC A GRADE ● AFFILIATED TO BANGALORE UNIVERSITY ● AICTE APPROVED ● 2(F) & 12 (B) RECOGNITION OF UGC ● ISO 9001:2015 CERTIFIED
Electronics City P.O., Bengaluru - 560 100, Karnataka, INDIA (+91) 8088140679 pro@sfscollege.in www.sfscollege.in

# END SEMESTER EXAMINATION – APRIL/MAY 2026

## HINDI - II SEMESTER BBA (F+R)

## 24BBA21H: KAVYANUBHUTI, PATRA LEKHAN AUR SANKSHEPAN

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 80**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए:** **10x1=10**

1. चातक पक्षी किस जल को पीता है?
2. मीराबाई भगवान से क्या चाहती है?
3. विद्या धन को प्राप्त करने के लिए किसकी जरुरत है?
4. चींटी किस प्रकार का प्राणी है?
5. जेल में कैदियों को कैसा पहरा है?
6. कवि ने अंधकार को किसका प्रतीक माना है?
7. कवि मुक्तिबोध ने किस ज्वाला की बात की है?
8. मनुष्य को कहाँ रहना पसंद है?
9. फागुन में सावन आना क्या दर्शाता है?
10. सबसे खतरनाक समाज कैसा होता है?

**II. किन्हीं दो अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए:** **2x7=14**

1. राम-नाम-मणि-दीप धरु, जीह देहरी दवार।
   'तुलसी' भीतर बहिरों, जो चाहसि उजियार॥
2. गाय चराती, धूप खिलाती,
   बच्चों की निगरानी करती
   लडती, अरि से तनिक न डरती
   तेरे घर- आँगन, जनपथ बुहारती|
3. तिमिर के राज का ऐसा
   कठिन आंतक छाया है,
   उठा जो शीश सकते थे
   उन्होंने सर झुकाया है|

**III. किन्हीं दो कविताओं का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए | 2x15=30**

1. कैदी और कोकिला
2. मन का संतोष
3. पूंजीवादी समाज के प्रति

**IV. किसी एक पर टिप्पणी लिखिए: 1x6=6**

1. मीरा की भक्ति भावना |
2. सबसे खतरनाक

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : 1x10=10**

1. पूनम टेक्सटाइल्स, सोलापुर द्वारा, खराब माल भेजने की शिकायत करते हुए, गितांजली मिल्स लिमिटेड अहमदाबाद के नाम एक पत्र लिखिए ।
2. संदेश प्रकाशन, नई दिल्ली के नाम,विद्या पुस्तक मंदिर, बेंगलोर द्वारा एक आदेश पत्र लिखिए जिसमें पुस्तकों की मांग की गई हो ।

**VI. एक तिहाई भाग में संक्षेपण कीजिए: 1x10=10**

विज्ञान शब्द की परिभाषा और क्षेत्र तथा इसकी पौद्यौगिकी से भिन्नता के विषय में स्पष्ट ज्ञात होना आवश्यक है । कुछ शक्तिशाली व्यक्तियों में, जिनके पास मानव जाति के भविष्य की चाबी है, शायद विज्ञान ही केवल एक महत्वपूर्ण अनुपम स्थिति में बिना किसी आपत्ति के सबके द्वारा स्वीकार किया जानेवाला विषय है । आज विज्ञान से हमारा अर्थ हमारे विश्व और उसके परिवेश के मूल ज्ञान से, इसके सभी क्षेत्रों में ज्ञान की नियंत्रित और नियमित खोज से है, परंतु इस ज्ञान का प्रयोग जरुरी नहीं कि सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए किया जाए । पौद्यौगिकी में हम उन अनगिनत विधियों का उल्लेख करते हैं, जिससे विज्ञान को मानव सेवा के लिए प्रयुक्त किया जा सके । दोनों में स्पष्ट अंतर बताने के लिए आण्विक विज्ञान और पौद्यौगिकी के वरतमान सर्वाधिक लोकप्रिय क्षेत्रों से उदाहरण दिए जा सकते । यह पौद्यौगिकी है जिसमें इस वैज्ञानिक 'ज्ञान' का प्रयोग बिजली बनाने के लिए परमाणु बिजलीघर की रुपरेखा बनाने में किया जाता है ।

---

ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE
EXCELLENCE • EFFICIENCY • TRANSFORMATION
ELECTRONICS CITY, BENGALURU